# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024





11 दुर्गावाहिनी की बेटी दीपिका छोटे-छोटे बच्चों को दे रही ...





10 जिले के 2033 पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने






# जिले के 1 लाख 22 हजार किसानों के खातों में पहुंचा 24 करोड़ 66 लाख

## प्रधानमंत्री मोदी ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तरप्रदेश राज्य के वाराणसी शहर में आयोजित समारोह के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के किसानों के खाते में 17वीं किस्त की राशि का अंतरण किया। इसके अंतर्गत बालोद जिले के 1 लाख 22 हजार 289 किसानों के खातों में 24 करोड़ 66 लाख रुपये की राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं किसान हितैषी योजना बताया। उल्लेखनीय है कि जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम अरौद स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति ललिता पिमन, जनपद पंचायत बालोद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

■ अरौद स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

### धान ही नहीं, दलहन-तिलहन की फसल भी लें : चंद्रवाल

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि यह हमारे जिले के लिए हर्ष का विषय है कि इस योजना के अंतर्गत किसानों के खाते में राशि अंतरण में पूरे प्रदेश में हमारा जिला दूसरे स्थान पर है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के किसानों को धान के बदले दलहन एवं तिलहन फसल लेने की भी अपील की। कार्यक्रम स्थल में अतिथियों ने कृषि विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर ड्रोन के माध्यम से खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। इस योजना के अंतर्गत आज अपने खाते में राशि अंतरित होने से जिले के ग्राम खैरवाही के कृषक गोवर्धन मण्डावी, ग्राम बिरेतरा के कृषक केशवराम सिन्हा एवं अरूण कुमार बहुत ही प्रसन्न नजर आ रहे थे। उन्होंने इस योजना को अपने लिए अत्यंत मददगार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना को लागू कर हमारे जैसे देश के लाखों, अन्नदाता किसानों के मेहनत का सम्मान करने का कार्य किया है।



### किसानों की मेहनत का सम्मान

पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू कर देश के अन्नदाता किसानों के मेहनत का सम्मान करने का कार्य किया है। उन्होंने इस योजना को अत्यंत महत्वकांक्षी एवं किसानों के लिए मददगार बताया। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत उनके खाते में आज राशि अंतरित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस योजना की सराहना करते हुए इस योजना को किसान हितैषी योजना बताया।

## खबर संक्षेप

### जामुन पेड़ से बालक गिरकर हुआ घायल



**बालोद।** पेड़ पर चढ़कर चिरईजाम फल तोड़ रहे 13 साल का बालक पेड़ से नीचे गिर गया। इस घटना में बालक के कंधे में अंदरूनी चोट आई है, आशंका जताई जा रही है कि बालक का कंधा फ्रैक्चर हो गया है। हालांकि एक्सरे जांच के बाद और डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद स्पष्ट जानकारी मिलेगी। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम करीब 5 बजे ग्राम बघमरा निवासी हर्ष सेन 13 वर्ष अपने गांव से दूर एक चिरईजाम के विशाल पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ रहा था। इस बीच डंगाल अचानक टूट गई, जिससे बालक नीचे गिर गया और वह घायल हो गया। घायल बालक को संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज जारी है।

### युवकों की पिटाई मामला दर्ज

**बालोद।** रात में काम कर रहे पांच दोस्तों की कुछ लड़कों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। मारपीट की घटना के बाद देवतराई निवासी गजेंद्र कुमार ने जवाहर पारा निवासी हर्ष ताम्रकार और उनके अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। प्रार्थी गजेंद्र ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे ग्राम देउरतराई में अपने साथी धर्मांशु चुरेन्द्र, विकास ठाकुर, वेदांत ठाकुर एवं सौरभ सभी मिलकर संतोष टेन्ट हाऊस वाले के घर पर साऊंड बाक्स को वाहन में लोड कर रहे थे। रात को कुछ लड़के वहां पर आये और गाली गलौज करते हुए हम पांचों को डण्डे से जोर– जोर से मारने लगे। अचानक हुए हमले से हम लोग अपने आप को बचाने के लिये इधर–उधर छुपने लगे। हमें समझ नहीं आ रहा था कि ये हमें क्यों मार रहे हैं। हमें मार रहे एक लड़के के चेहरे में घर का लाईट अचानक पड़ने पर देखा कि वह हर्ष नामक युवक है, उसे पूछा कि क्यों मार रहा है तब हर्ष एवं उसके अन्य साथी नाम लेते ही पहचान हो गया, यहां से भागो ▶▶| शेष पेज 10 पर

## समस्या

### उपतहसील जामगांव आर में नियमित रूप से नहीं बैठ पा रहे नायब तहसीलदार

# अधिकारियों की कमी, काम के लिए चक्कर लगाने को मजबूर हैं नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

उपतहसील जामगांव आर में अधिकारी के अभाव में सन्नाटा पसरा है। 35 ग्रामों के राजस्व प्रकरण पर निर्णय देने एवं व्यवस्था की जिम्मा वाले उपतहसील जामगांव आर में लोग भटकने विवश हैं।

हमारे प्रतिनिधि जब बुधवार को उपतहसील पहुंचे, तो वहां मात्र कोटवार नजर आए। उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार मंगलवार और शुक्रवार को बैठते हैं। विदित हो कि चंद महीनों में नायब तहसीलदार बदलते रहने का रिकार्ड देखने वाला उपतहसील जामगांव आर अब नियमित नायब तहसीलदार की सेवा नहीं मिलने से परेशान है। विडंबना है कि प्रारंभ में जब उपतहसील का भवन नहीं था, तब नायब तहसीलदार की सेवा नियमित मिला करती थी और अब भवन एवं चेंबर बन गया है तब अधिकारी की नियमित सेवा नसीब ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नोटरी की सुविधा को लेकर केवल आश्वासन

ग्राम पंचायत जामगांव आर में आयोजित समस्या निवारण शिविर में उप तहसील जामगांव आर में नोटरी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। उपस्थित अधिकारी ने लोगों को आश्वस्त करते हुए तहसीलदार को निर्देशित किया कि अनियमित नोटरी सुविधा जामगांव आर में उपलब्ध कराई जाए। लेकिन, महीनों बीत जाने के बाद अभी तक नोटरी सुविधा नहीं मिल पाई है।



### कार्यपूर्णता के लिए निर्धारित हो समय सीमा

प्रबुद्ध वर्ग ने कहा कि प्रकरण पंजीबद्ध होते ही कार्यपूर्णता की तिथि भी तय करने की प्रक्रिया अमल में आ सके तो लोगों को बड़ी राहत मिल सकेगी। वर्षों तक चलने वाले प्रकरण का दुखद पहलू समय सीमा में खत्म हो सकेगा। अतिक्रमण के मामले में सक्षम अधिकारियों के अक्षम कार्य पर भी विचार शासन को करना चाहिए, जिससे शासन की छबि निखर सकेगी। लोगों का कहना है कि किसी काम से जाएं और बार बार बैरंग लौट आएं, आखिर ऐसी नौबत क्यों आती है। इस पर मंथन होना चाहिए।

### अधिकारी उपलब्ध होने पर मिलेगी नियमित सेवा

4 कोर्ट के लिए अभी मात्र दो अधिकारी उपलब्ध हैं। अधिकारी उपलब्ध होते ही जामगाँव आर उपतहसील को नियमित सेवा पूर्व की तरह मिलने लगेगी। नोटरी सुविधा के बारे में बात करता हूं।

**- दीपक निकुंज,** एडीएम

### नायब तहसीलदार दो जगह दे रहे सेवा

जामगांव आर उपतहसील का प्रकरण नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंग देखते हैं। अभी व्यवस्थानुरूप पाटन एवं जामगांव आर दोनों जगह सेवा दे रहे हैं।

**- मीना साहू,** तहसीलदार

# कुलसचिव से मिले विद्यार्थी, उत्तर पुस्तिका की पुनः जांच की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट छात्रों ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय कुलसचिव के नाम से उत्तर पुस्तिका की पुनः जांच करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

विगत दिनों पहले हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम जारी हुआ। घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय और तृतीय वर्ष का जब रिजल्ट आया तो अधिकतर छात्रों को 0, 1, 2, 3 नंबर आया है। छात्रों का कहना है कि परीक्षा परिणाम संतोष जनक नहीं आए हैं। हमने प्रश्न पत्र अच्छे से हल किए थे, उसके बावजूद यूनिवर्सिटी ने जल्दबाजी से पेपर की जांच कराई, जिसके कारण जांच में गड़बड़ी हुई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है,जो सही नहीं है। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि अधिकतर जगहों पर परिणाम संतोष जनक नहीं आए हैं। इसी कारण पिछले वर्ष दुर्ग यूनिवर्सिटी को डिफॉल्टर लिस्ट में डाल दिया गया था। इस दौरान बालोद से देवेंद्र साहू के नेतृत्व में एनएसयूआई ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने परीक्षा परिणाम पर जताया असंतोष

# शादीशुदा प्रधानपाठक ने स्कूल की शिक्षिका से की शादी, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

गुण्डरदेही विधानसभा के ग्राम हल्दी के रहने वाले पति-पत्नी से एएसआई द्वारा पैसे लिये जाने का आरोप वाले मामले में जांच के दौरान नया मोड़ सामने आया है। बताया जा रहा है कि जिस प्रधानपाठक ने अपने ही स्कूल में पदस्थ शिक्षिका से शादी की है, वह पहले से ही शादीशुदा है। यह जानकारी सामने आने के बाद शिक्षिका के परिजनों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है।

■ जांच के दौरान सामने आया नया मोड़

दरअसल हल्दी गांव के रहने वाले मिथलेश साहू ग्राम भूसरेंगा के शासकीय प्राथमिक स्कूल में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हैं। उसी स्कूल में हल्दी गांव की रहने वाली तोरण ठाकुर भी शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। जानकारी के मुताबिक दोनों ने 2 जुलाई 2023 को धमतरी स्थित अंगारमोती मंदिर में दोनों ने शादी की। प्रधानपाठक मिथलेश साहू पर ▶▶| शेष पेज 10 पर



### दो दिन बाद थाने में हुआ समझौता

तोरण ठाकुर के जीजा भगोलीराम पडोटी ने बताया कि थाने में हुई शिकायत के बाद मिथलेश थाने पहुंचा और इधर तोरण अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची। जहां तोरण और मिथलेश के बीच समझौता हुआ और मिथलेश ने लिखित रूप से थाने में दिया कि वह 16 जून तक तोरण से लिया 8 लाख रूपये को वापस कर देगा। इस तरह बहला-फुसला कर दिव्यांग से शादी करने से परिजनों, समाज, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में काफी आक्रोश है। इसकी संबंधित अधिकारी व कलेक्टर से शिकायत परिजन करने वाले हैं।

### एएसआई पर लगाया आरोप निराधार

तोरण की बहन टामिन बाई और भाई निरंजन ठाकुर ने कहा कि शिकायत करने के बाद फिर तोरण को मिथलेश ने बरगलाया और अपने साथ ले गया और फिर मनगढ़ंत कहानी बनाकर सनौद थाने में पदस्थ एएसआई पर दोनों से एक लाख रूपये मांगने का झूठे आरोप का आवेदन बनाकर एसपी कार्यालय में पोस्ट कर दिया। तोरण के परिजनों ने एसपी के पास की गई शिकायत को बेबुनियाद और झूठा बताया और एसपी से सभी ने मुलाकात कर मिथलेश की हकीकत से रूबरू कराया।

### शिक्षिका ने प्रधानपाठक के खिलाफ की शिकायत

पूरे मामले को लेकर जांच अधिकारी एसडीओपी राजेश बागड़े ने कहा कि जांच के दौरान परिजनों का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि तोरण ने अपनी मर्जी से थाने में मिथलेश के खिलाफ शिकायत की। परिजनों ने अपने बयान में एएसआई के खिलाफ लगाए गए आरोप को झूठा बताया। परिजनों ने यह भी कहा है कि मिथलेश पहले से ही शादीशुदा है। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है।

### शासकीय कॉलेज गुरुर में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

**गुरूर।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय गुरुर में बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष तथा डीसीए, पीजीडीसीए में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य केएल रावटे ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से 18 से 30 जून के मध्य ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 30 जून तक प्राप्त आवेदन पत्रों की मेरिट सूची तैयार कर नियमानुसार प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी।







## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC **पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**पासपोर्ट साइज फोटो**

महोदय,

........................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम........................
2. पिता/पति का नाम........................
3. जन्म तिथि अंकों में........................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित........................
1. मो..................2. मो..................व्हाट्सएप नंबर..................
6. शैक्षणिक योग्यता,........................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्रों में मना वजन त्योहार

**बालोद।** बुधवार को जिले भर के आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया गया। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों का वजन किया गया। शहर के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड पार्षद और चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजू पटेल की उपस्थिति में बच्चों का वजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ता तरुणा मेश्राम, कुमारी साहू, केशर साहू, सहायिका बिमला गौतम सहित बच्चों के पालक बिमलेश्वरी, पदमा साहू, द्रोपती धुरवे और लिकेश्वरी भी मौजूद रहीं।

### गिधाली, पोपला टोला के जंगल में फेंके गए सैकड़ों सीड बाल



**डौंडीलोहारा।** पर्यावरण प्रेमी व ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह द्वारा बुधवार को गिधाली व पोपलाटोला के जंगल में सैकड़ों जामुन, छिंद, करंज, कुसुम ,आम के बीजों को सीड बॉल बनाकर गुलेल के माध्यम से फेंका गया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आप भी बीजों को एकत्रित कर जंगलों, खाली जगहों पर डालें। उन्होंने कहा कि बारिश होने पर इन बीजों से पौधे अंकुरित हो जायेंगे और पेड़ बनकर आने वाले समय में हमारे काम आएंगे।

### पीएम किसान सम्मान निधि वितरण के लिए गुंडरदेही में हुआ कार्यक्रम



**गुण्डरदेही।** मंगलवार 18 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरप्रदेश के वाराणसी से देश के करोड़ों किसानों के साथ क्षेत्र के किसानों के खाते में भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किश्त की राशि हस्तांतरित की। मंगलवार को जनपद पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही में पीएम सम्मान निधि योजना के तहत हस्तांतरित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान व भाजपा के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, महामंत्री सौरभ चोपड़ा व कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### शासकीय एकलव्य कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**डौंडीलोहारा।** प्राचार्य श्री राजू लाल कोसरे ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में बी.एससी./बी.कॉम. एवं बी.ए. भाग- द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश के इच्छुक समस्त छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिवस के भीतर तत्काल प्रवेश ले लें।

योजना : बुधवार को जिले के सभी विकासखंडों में हुआ सामूहिक कार्यक्रम

# जिले के 2033 पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने किया गृह प्रवेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशन में बुधवार को जिले के समस्त विकासखण्डों में सामूहिक रूप से अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित कर जिले के कुल 2033 प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया गया।

कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बंजारी में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को फूल माला पहनाकर एवं घर की चाबी भेंटकर विधिवत गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण का पूर्णता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने ग्राम बंजारी में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही कुंती बाई, उमाकांत एवं फगनूराम के नवनिर्मित आवास में पहुँचकर पूजा–अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों फूलमाला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मानित भी किया।

### पौधारोपण तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सलाह

डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नवनिर्मित आवासों में फलदार पौधों का रोपण करने तथा इनका समुचित देखभाल की व्यवस्था करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने इन आवासों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

इसके अलावा बालोद विकासखण्ड के ग्राम भोथली के टोपेश्वर, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता में शोभादास, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सांकरी में निर्मला ठाकुर तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी में सनत ठाकुर सहित जिले के कुल 2033 हितग्राहियों उनके नवनिर्मित आवासों में पूजा–अर्चना कर गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 2016 से 2023 तक कुल 32394 आवास स्वीकृत, 29825 पूर्ण

उल्लेखनीय है कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016–23 तक कुल 32394 आवास स्वीकृत हैं। जिसके विरूद्ध कुल 29,825 आवास शत–प्रतिशत पूर्ण हो गया है। मानसून के पहले विकासखण्ड बालोद में 258, डौण्डी में 485, डौण्डीलोहारा में 521, गुण्डरदेही में 472, गुरूर में 297 सहित कुल 2033 हितग्राहियों के आवास पूर्णता के बाद सामूहिक रूप से गृह प्रवेश कराया गया है। जिले में निर्माणाधीन एवं लंबित प्रधानमंत्री आवासों का सीईओ जिला पंचायत द्वारा सभी जनपद पंचायतों में संबंधित विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सचिव, रोजगार सहायकों की बैठक लेकर संबंधितो को हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों में स्वयं निरीक्षण करने तथा हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए निर्माणाधीन आवासों में तेजी लाते हुए वर्षा ऋतु के पूर्व शत–प्रतिशत पीएम आवासों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही उक्त कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को अपने निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए जल संचय एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रसारित किया जा रहा है।

# तीन एकड़ अतिरिक्त जमीन पर कृषि विज्ञान केंद्र का अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्राम अरौद में राजस्व विभाग की उपस्थिति में की गई नाप के दौरान

जिले के ग्राम अरौद में कृषि विज्ञान केंद्र की जमीन आवंटन व अवैध अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों में असंतोष की भावना थी, जिसके चलते ग्रामीणों ने एक दिन के लिए कार्य पूर्ण बंद का आव्हान किया गया था।

उसके बाद ग्रामीणों व राजस्व विभाग की मौजूदगी में विवादित जमीन का नाप किया गया, जिसमें लगभग 3 एकड़ घास जमीन पर कृषि विज्ञान केंद्र का अवैध कब्जा पाया गया।

ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में कृषि विज्ञान केंद्र निर्माण के लिए लगभग 32 एकड़ जमीन देने की बात सामने आ रही है, वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के अनुसार 45 एकड़ जमीन को विज्ञान विकास केंद्र के लिए ग्रामीणों के सहमति से दी गई थी। बताया जा रहा है इन दोनों के बीच में जो जमीन विवाद का मामला है वह मुख्यतः मवेशियों के चारागाह की समस्या के कारण निर्मित हुआ।

### चारागाह के लिए जगह नहीं

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरौद में मवेशियों के लिए चारागाह के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा झटका तार से अपनी भूमि को संरक्षित करने के कारण आवागम के लिए मवेशियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसके कारण आमजनता के साथ ही मवेशियों के संरक्षण को ध्यान में रखकर अतिक्रमण पर रोक लगाने का प्रयास किया गया। वहीं अन्य जमीन के संबंध में जांच होगी या नहीं उसे ग्रामीणों द्वारा तय किया जाएगा, जिस जमीन पर ग्रामीणों को ज्यादा संदेह था फिलहाल उसकी जांच पटवारी व आरआई के माध्यम से कराई गई है।

### 3 एकड़ भूमि का अवैध अधिग्रहण

ग्रामीणों की सहमति से राजस्व विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र की जमीन की जांच कराई गई। इस दौरान लगभग 3 एकड़ जमीन कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अवैध अधिग्रहण पाया गया है।

- बिमलेश्वरी साहू, सरपंच

# जिले के चार दिव्यांगों को मिला बायोनिक हैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर चंद्रवाल ने किया वितरण



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार 18 जून को उप संचालक समाज कल्याण विभाग कार्यालय सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में जिले के चार दिव्यांगों को बायोनिक हैण्ड प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रदेश एवं जिले के दिव्यांगों को पहली बार अत्याधुनिक बायोनिक हैण्ड का वितरण किया गया है। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम जेवरतला निवासी मोहित कुमार एवं ग्राम सतमरा निवासी षटानंद ठाकुर, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम घोघोपुरी निवासी तीजूराम साहू तथा बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसोदा निवासी उधोराम साहू को बायोनिक हैण्ड प्रदान किया। इसके अलावा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम फदरफोड़ के दिव्यांग योगेश कुमार खरे को भी बायोनिक हैण्ड प्रदान किया जाएगा। वे उस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित नही हो पाए थे। इन सभी दिव्यांगों का हाथ दुर्घटना, बीमारी या किसी कारणों से खराब हो गया था।

इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने इन सभी दिव्यांगों को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित भी किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि रोबोटिक बायोनिक हैण्ड सामान्य हाथ की भाँति सभी कार्यों को भली–भाँति कर सकता है। उन्होंने बताया कि बायोनिक हैण्ड कंधे के पास से मांसपेशियों में पैदा होने वाली इलेक्ट्रीकल तरंगों के आधार पर संचालित होता है। इससे हाथ वही काम करता है, जो आप मन में सोच रहे होते हैं। इस दौरान सभी चारों दिव्यांगों को गिलास पकड़ा कर एवं अन्य कार्य कराकर इस बायोनिक हैण्ड के क्रियाकलापों की जानकारी ली गई।

# आनुवांशिक बीमारी है सिकलसेल, विवाह से पूर्व कुंडली मिलाने के साथ जांच भी कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला मुख्यालय में मना विश्व सिकलसेल दिवस, वक्ताओं ने दी सलाह






विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सिकलसेल को आनुवांशिक बीमारी बताते हुए इसके बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत,एवं अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा वरिष्ठ अधिकारियों एवं चिकित्सक उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों के अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन साहू ने कहा कि इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सावधानी ही एक मात्र उपाय है। इसलिए इसकी रोकथाम हेतु विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। पवन साहू ने कहा कि हम सभी को विवाह के लिए रिश्ता तय करते समय कुण्डली मिलान की भाँति सिकलसेल की भी अनिवार्य रूप से जाँच कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की रोकथाम की पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने हेतु व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा सिकलसेल बीमारी की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने हेतु बहुत ही सवेंदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है।

### विवाह से पूर्व जांच अवश्य कराएं : एसपी

पुलिस अधीक्षक सूरजन राम भगत ने कहा कि सिकलसेल बीमारी से दूर रहने के लिए हम सभी को विशेष सावधानी बरतना चाहिए। भगत ने उपस्थित लोगों को समाज को सिकलसेल बीमारी से दूर रखने के इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने सभी लोगों से शादी के लिए रिश्ता तय करने के पूर्व वर–वधु का अनिवार्य रूप से सिकलसेल जाँच कराने की अपील भी की।

### एक माह तक लगातार चलाया जाएगा अभियान

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सिकलसेल एक गंभीर एवं लाईलाज बीमारी है। इसलिए इससे बचाव हेतु विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता है।

चन्द्रवाल ने कहा कि इसकी भयावहता को देखते हुए केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा इस बीमारी की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही इस बीमारी की गंभीरता को रखते हुए 19 जून को विश्व सिकलसेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक माह तक लगातार अभियान चलाकर आम लोगों को इसके बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# युवा नौकरी पाने नहीं, देने वाले बनें



**गुण्डरदेह।** स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत प्रांतीय विचार वर्ग एवं कार्यशाला का आयोजन 15 एवं 16 जून को अग्रसेन भवन दुर्ग में किया गया।

कार्यक्रम में बालोद जिला के स्वदेशी कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उनमें जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच बालोद चंद्रहास साहू, सहसंयोजक संतोष हिरवानी, जिला महिला कार्य प्रमुख पुष्पा चौधरी, जिला प्रचार प्रमुख किशनलाल साहू, जिला समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान दानेश्वर प्रसाद साहू, महिला सह समन्वयक यशोदा साहू शामिल थे। केंद्रीय टीम से अश्विनी महाजन अर्थशास्त्री एवं मध्य प्रांत क्षेत्रीय प्रांत छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान युवाओं के रोजगार के लिए चिंतनीय विचार विमर्श किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि युवा नौकरी के पीछे ना भागें, बल्कि अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें ताकि वह नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले युवा बनें। इस विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए इस तरह का कार्यशाला का आयोजन किया जाता है।

# आज डौंडीलोहारा पहुंचेंगे सांसद भोजराज नाग



**डौंडीलोहारा।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद भोजराज नाग का प्रथम आगमन मण्डल डौंडीलोहारा में 20 जून को दोपहर 3 बजे हो रहा है। इस दौरान नगर भ्रमण कर नगर के आम मतदाताओं का आभार प्रदर्शन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने बताया कि नगर भ्रमण के पूर्व बटेरा चौक से युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी। इस बीच पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बसस्टैंड से विवेकानंद चौक में भाजपा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

उसके बाद सदर लाइन होते हुए ओसवाल भवन के पास स्वागत किया जाएगा। ओसवाल भवन से संत रविदास मंदिर के पास पूजा, स्वागत समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया जाएगा। टिकरापारा मड़ियापाठ में सर्व समाज द्वारा स्वागत किया जाएगा। टिकरापारा से मस्जिद चौक पर स्वागत एवं आतिशबाजी की जाएगी। मस्जिद चौक से काली मंदिर के पास सर्व समाज द्वारा स्वागत किया जाएगा उसके बाद पुराना जनपद के प्रांगण में स्वागत सभा एवं आभार प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

सिकलसेल के संबंध में दी गई जानकारी

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में मना विश्व सिकल सेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीआर रावटे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीआर रावटे ने बताया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक आक्सीजन पहुँचाने का कार्य करती है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार रक्त कण हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले व कड़े हो जाते हैं। रक्त कण रक्त वाहिनियों में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी एवं मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित करते हैं। इस अवसर पर बीपीएम योगेश साहू, बीईटीओ केआर उर्वशा, फर्मासिष्ट मिथलेश साहू, पर्यवेक्षक कस्तूरी साहू, प्रशांत ठाकुर, राजेंद्र साहू, रामु मरकाम एवं स्टॉक के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ये हैं लक्षण

डॉ रावटे ने बताया कि इस रोग के प्रमुख लक्षण में भूख न लगना, खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट त्वचा एवं आंखों में पीलापन, बार–बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द। अगर उपरोक्त में कोई लक्षण दिखे तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच व उपचार अवश्य कराएं। साथ ही समुदाय के लोगों को जागरूक करे।

## पेज 9 के शेष

### अधिकारियों की कमी, काम ...

नहीं हो रही है। आधिकारिक एवं अन्य अभावों का दंश झेल रहे उपतहसील जामगांव आर से संबंधित किसान, विद्यार्थी, ग्रामीण भाजपा शासन की ओर सुशासन के लिए नजरे टिकाए इंतज़ाररत हैं।

**राजस्व प्रकरण सरलीकरण की मांगः** किसानों ने डबल इंजन वाली भाजपा सरकार से मांग की है कि राजस्व प्रकरण का निपटारा पेशियों की लंबी फेहरिस्त के बजाय कोई सरल रास्ता निकाला जाना चाहिए। कभी साहब नहीं, तो कभी बाबू नहीं वाला काम बड़ा दुखदाई होता है। कई बार पेशी दर पेशी चलती चली जाती है। किसान ग्रामीण प्रशासन के इस रवैए से परेशान हो उठते हैं। न कोई सुनने वाला न कोई बोलने वाला, लेकिन इससे शासन के नियंत्रण पर सवाल उठने लगते हैं और शासन की बदनामी लोगों के दिमाग में घर करने लगती है, जिसका खामियाजा सरकार को चुनाव में भुगतना पड़ता है।

**अधिकारियों का टोटा, विद्यार्थी से लेकर किसान सभी परेशानः** जामगाब आर से पाटन अप डाउन 38 किमी के चक्कर से बचने जामगांव आर में उपतहसील मांग रखी गई। मांग पूरी भी हुई। प्रारंभ में नायब तहसीलदार की नियमित सेवा भी मिलने लगी। लेकिन, अब तो पाटन तहसील में अधिकारियों का टोटा हो गया है। तहसीलदार मीना साहू और नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंग दोनों अधिकारी पाटन और जामगांव आर उप तहसील की सेवा बारी-बारी से दे रहे हैं, जो नाकाफी है।

### युवकों की पिटाई...

कहकर वहां से भागने लगे। प्रार्थी ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद अस्पताल में उपचार के बाद कोतवाली थाना में रिपोर्ट लिखाई। कोतवाली पुलिस ने कहा कि मामले में हर्ष ताम्रकार और उनके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### शादीशुदा प्रधानपाठक ...

दिव्यांग शिक्षिका की मां श्याम बाई ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि मिथलेश ने तोरण को बरगलाकर उससे शादी की, जबकि मिथलेश पहले से ही शादीशुदा है। तोरण और मिथलेश के शादी की जानकारी लड़की के परिजनों को पहले नहीं थी, लेकिन जब जानकारी हुई तो सभी ने तोरण को समझाया फिर 4 जून को तोरण अपनी मां, दो बहन, जीजा, सामाजिक पदाधिकारियों के साथ जाकर सनौद थाने में प्रधान पाठक मिथलेश के खिलाफ धोखाधड़ी कर आठ लाख रूपये मांगने और शारीरिक शोषण करने की शिकायत की। दिव्यांग शिक्षिका तोरण ठाकुर के परिजनों ने प्रधानपाठक मिथलेश साहू पर आरोप लगाते हुए कहा कि तोरण ठाकुर दिव्यांग है, जिसे अपने झांसे में लेकर उनसे शादी का ढोंग किया। जिसके बाद शिक्षिका के वेतन के आठ लाख रूपये को गबन कर लिया। अभी भी पहली पत्नी होने के बावजूद तोरण ठाकुर को अपने साथ रखकर उनके वेतन को गबन कर रहा है। मिथलेश साहू के शादी की पुष्टि करने के लिए तोरण के जीजा ने बीईओ कार्यालय से जानकारी जुटाई।

## खबर संक्षेप



### पुरूर पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू

**गुरूर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने के बाद बिलासपुर सांसद तोखन साहू पहली बार पुरूर पहुंचे। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने अपने निज निवास में परिवारजनों के साथ मंत्री तोखन साहू का स्वागत किया। इस पारिवारिक मिलन के दौरान पूर्व विधायक प्रीतम साहू के साथ केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुण्डरदेही बीरेन्द्र साहू, पूर्व सांसद महासमुंद चुन्नीलाल साहू के साथ-साथ भाजपा परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### बरसात से पहले कराई जा रही नालियों की सफाई



**अंडा।** बारिश शुरू होने से पहले गांव के अंदर नाली की मनरेगा योजना के तहत साफ-सफाई कराई जा रही है, ताकि बारिश होने पर निकासी व्यवस्था दुरुस्त हो सके। ग्राम पंचायत जंजगिरी में मनरेगा योजना के तहत गांव की नालियों की साफ सफाई की जा रही है। नालियों के सहारे ही खेतों तक पानी पहुंचता है। फिलहाल नालियों से पानी का बहाव नहीं हो रहा है, क्योंकि उनमें जगह-जगह कचरा जमा हुआ है। बारिश के मौसम में जब गांव से होकर बरसाती पानी बहता है, तो नालियों से ही बहाव होता है। बारिश के मौसम पानी का बहाव उचित ढंग से हो सके, इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत नाली की साफ-सफाई कराई जा रही है। ग्राम पंचायत जंजगिरी की सरपंच रेखा-अजय चतुर्वेदी ने बताया कि गांव की कोई भी नाली नहीं छूटेगी, सभी नालियों की मनरेगा के तहत कराई जा रही है।

### अभी भी परेशान कर रही चिलचिलाती धूप व गर्मी



**बालोद।** सुबह से शाम तक चिलचिलाती धूप से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। 15 और 17 जून को बारिश होने से लोग बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जता रहे थे, लेकिन यहां मौसम बदलते देर नहीं लगती। वर्तमान स्थिति यह है कि अभी भी तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान हो रहे हैं। वहीं, शाम और रात होते ही अचानक तेज हवाओं के साथ बादल छाए रहने से झमाझम बारिश की संभावना रहती है, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। बुधवार को चिलमिलाती धूप में कुछ छात्राएं पैदल कॉलेज जाती दिखीं, जो धूप से बचने अपने चुनरी का सहारा लेती नजर आईं। हालांकि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान में भारी बारिश की संभावना जताई गई है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# दुर्गावाहिनी की बेटी दीपिका छोटे-छोटे बच्चों को दे रही संस्कारित शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम कमकापार की दीपिका साहू ने सेवा सुरक्षा संस्कार जैसे संगठन मूल मंत्र को ध्येय बनाकर अपने ग्राम में आसपास के रहने वाले छोटे-छोटे बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने एक नई पहल की शुरुआत की है।

हर सप्ताह बाल संस्कार केंद्र जैसे माहौल बनाकर दीपिका साहू अपने घर के आंगन में बच्चों संग समय बिताकर उनको खेल खेल में जीवन के कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर उनका ज्ञानवर्धन कर रही है। वहीं, बच्चों को खेलने के साथ साथ पढ़ाई में ध्यान देने योग व धार्मिक कहानियों का भी उल्लेख बातचीत में कर रही हैं। दीपिका की इस नेक पहल की सभी तारीफ कर रहे हैं। वहीं संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ आमजन भी इस बेटी की पहल को सराहनीय पहल बता रहे हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से शाबासी दे रहे हैं। बड़ी बात यह है कि गांव के बच्चे भी दीपिका साहू के अपनत्त्व व स्नेह के वातावरण में हर सप्ताह उनके घर पहुंच कर कुछ पल बिता रहे वहीं खेल,योग के गुर भी सीख रहे हैं।

### विहिप की दुर्गावाहिनी शौर्य वर्ग प्रशिक्षण बालोद में हुआ



#### समाज की बेहतरी के लिए समय देना महत्वपूर्ण

बता दें कि दीपिका ने विश्व हिंदू परिषद संगठन के दुर्गावाहिनी शौर्य वर्ग प्रशिक्षण बालोद में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। दीपिका ने कहा कि दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। समाज में रहकर कुछ पल समाज की सेवा करना, जो अपने से बन पड़े वो समाज की बेहतरी के लिए देना काफी महत्वपूर्ण है। यह भारतभूमि हमारी जन्मभूमि है। हमको गर्व है कि हम हिंदू हैं। गौ हमारी माता है। इस भूमि के कण-कण में महादेव हैं। देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें, इसी भाव के तहत मैं कुछ समय गांव के बच्चों को दे रही हूं। समय उनके साथ व्यतीत कर रही हूं। मुझे भी बहुत अच्छा लग रहा है।

**परेशानी :** कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास से संबंधित दर्जनों आवेदन मिल रहे

# पीएम आवास योजना का लाभ लेने पंचायत से कलेक्टोरेट तक चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डबल इंजन की सरकार बनने के बाद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ सांय-सांय मिलने की उम्मीद फिर से जागी है। वर्तमान में शासन की सबसे बड़ी योजना पीएम आवास योजना को लेकर लोगों में खासा उत्साह है और उम्मीदें भी हैं, तो वहीं हजारों लोगों के मन में मायूसी भी छाई है।

- नए आवास के साथ-साथ एक किश्त मिलने के बाद दूसरी व तीसरी किश्त के लिए पहुंच रहे लोग

जिले की जनता प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने कच्चे मकान को पक्का बनाने के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत तक तो वहीं नगर पंचायत व नगर पालिका से लेकर जिला पंचायत व कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन तक आवेदन कर रहे हैं। संयुक्त जिला कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में दर्जनों आवेदन ऐसे होते हैं, जो आवास योजना से जुड़े होते हैं। इनमें अधिकांश ऐसे लोग होते हैं जिन्हें इस योजना का लाभ अब तक नहीं मिला है, जबकि कई ऐसे होते हैं जिनकी प्रथम किस्त की राशि आने के बाद दूसरी और तीसरी किस्त की राशि उन्हें नहीं मिली है। दो दिन पहले मंगलवार को जनदर्शन में अलग-अलग गांवों से दर्जन भर लोग पीएम आवास योजना के तहत कच्चे मकान को पक्का बनाने की मांग करने पहुंचे थे। इस योजना का लाभ पाने लोग आवेदन बनाकर प्रत्येक जनदर्शन व बाकी दिनों भी जनपद पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक भटकते हुए नजर आते हैं।



#### आंकड़ा नहीं बता पाए जिला समन्वयक

जिले में पीएम आवास योजना के तहत अब तक कितने पात्र हितग्राहियों को लाभ मिला है, कितने प्रस्ताव भेजा गया है, कितने हितग्राहियों के मकान निर्माणाधीन है तथा स्वीकृति की स्थिति को लेकर सवाल करने पर जिला समन्वयक आवास प्रभात साहू ने जिला पंचायत सीईओ की अनुमति के बिना कुछ भी जानकारी देने से इंकार कर दिया। वहीं, जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

#### किसे मिलना है योजना का लाभ

दरअसल 2011 जनगणना सूची में जिनके नाम दर्ज हैं, उन्हें और 2018 में बनाई गई आवास प्लस सूची में जिनका नाम दर्ज है, उन्हें इस योजना का लाभ मिल पाएगा। लेकिन, इस सूची में वर्षों से कच्चे मकान में गुजारा कर रहे लोगों का नाम आखिर किस कारण से दर्ज नहीं हो पाया है, प्रशासन के सामने यह सवालिया निशान खड़ा होना लाजमी है। प्रत्येक मंगलवार को जनदर्शन के दिन जनदर्शन कक्ष में आवास योजना से संबंधित विभाग के कर्मचारी पूरा सिस्टम लेकर यहां बैठ जाते हैं, जिनके द्वारा जो भी व्यक्ति कलेक्टर को आवास योजना से संबंधित आवेदन देने पहुंचते हैं वे सबसे पहले संबंधित विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से पहले सूची में नाम है या नहीं इसकी जांच कराते हैं और नाम नहीं होने पर उन्हें सारी जानकारी देते हैं। इस दौरान ग्रामीण काफी मायूस होकर वापस लौटते हैं।

## कांग्रेस नेता राहुल के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी के 54 वें जन्मदिन के अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े के नेतृत्व में राजीव भवन बालोद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बालोद जिला युवा कांग्रेस के युवाओं ने रक्तदान किया।

अध्यक्ष प्रशांत ने कहा कि देश के 140 करोड़ जनता की आवाज हमारे नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर आज रक्त की कमी को देखते हुए कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जिस तरह से त्याग, तपस्या का संकल्प लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा चलाकर सभी वर्ग के आम जनता से उनका दुख, दर्द समझने का काम किया है और लोगों के साथ बैठ कर उनके समस्याओं को समझा है आज देश की जनता ने अपना समर्थन दिया।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, महासचिव अंचलप्रकाश साहू, विधान सभा अध्यक्ष संदीप साहू, उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहनिश पारकर, अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष फैज बक्श, वैभव शर्मा, महासचिव देवेन्द्र साहु, आयुष सिंह राजपूत, प्रवीण साहु, सुनील मंडावी, राजू गुप्ता, नूतन साहू, फरहान खान, शावेश, उपस्थित थे।

### पीएम किसान सम्मान निधि के लिए हुआ कार्यक्रम

**बालोद।** पीएम किसान निधि की 17 वीं किश्त कार्यक्रम हर हर मोदी हर वक़्त किसानों के लिए भाजपा सरकार सजग कार्यक्रम गुण्डरदेही कृषि विभाग की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, मंडल महामंत्री सौरभ चोपड़ा उपस्थित थे।

## अंडा में हुआ गायत्री महायज्ञ, दी गई आहुतियां

### मां गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के अवसर पर किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

माता गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ अंडा में सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में गायत्री शक्तिपीठ के डॉ एनके सिन्हा ने संबोधित कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा के महाप्रयाण दिवस पर उनके संकल्पों को निरन्तर पूरा करने प्रतिवर्ष गायत्री शक्तिपीठ ग्राम गाँधी नगर अंडा में यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गायत्री जयंती, गंगा दशहरा पर्व में यज्ञ में आहुतियां दी गई।

आचार्य शर्मा 2 जून 1990 को महाप्रयाण कर सूर्य में एकाकार हो गए थे। बीते कई वर्षों से उनके संकल्पों को पूरा करने के लिए गायत्री शक्तिपीठ गाँधी नगर अंडा में प्रतिवर्ष यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऋषि भागीरथ ने दिवंगत आत्माओं की मुक्ति के लिए कठोर तपस्या कर मां गंगा को स्वर्ग से धरती पर अवतरित किया था। उसी प्रकार आचार्य श्रीराम शर्मा ने गायत्री मंत्र की अद्भुत, अकल्पनीय कठोरतम तप 24, वर्षों तक लगातार कर ज्ञान की गंगा को धरती पर राष्ट्र एवं विश्व कल्याण के लिए प्रवाहित किया है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा हिमालय से भी ऊंचे और सागर से भी गहरे विराट व्यक्तित्व थे। उनका विराट व्यक्तित्व एक विशाल छतरी की तरह है, जिसके नीचे सभी शीतल छाया पा सकते हैं।



#### दीक्षा मंत्र सहित हुए विविध संस्कार

कार्यक्रम के दौरान प्रातः यज्ञ में 2 मन्त्रदीक्षा, 2 अन्नप्रासन, 1 जन्मदिन संस्कार सम्पन्न हुआ। सायंकालीन दीप महायज्ञ में डीपी चंद्राकर, आरके योगी, डा. एनके सिन्हा, सुदर्शन यादव, वासुदेव चंद्राकर, कुवंर सिंह साहू को सामाजिक कार्यों के लिए गायत्री परिवार द्वारा श्री फल भेंटकर सम्मानित किया गया। दीप यज्ञ का कार्यक्रम धनोरा प्रज्ञापीठ के प्रज्ञापुत्र फुदुक राम साहू व राधेश्याम साहू द्वारा सम्पन्न किया गया।

## अभाविप ने रानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

**बालोद/अर्जुन्दा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई अर्जुन्दा के छात्रों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को नगर अर्जुन्दा टिकरी चौक व ग्राम मटिया पर स्थित रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा की पूजा-अर्चना माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस, पराक्रम और वीरता को सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई अर्जुन्दा के नगर मंत्री यशवंत कुमार टंडन ने कहा कि भारतीय वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थीं। सच्चा वीर कभी विपत्तियों से नहीं घबराता है। प्रलोभन उसे कर्तव्य पालन से विमुख नहीं कर सकते। उसका लक्ष्य उदार और उच्च होता है। उसका चरित्र अनुकरणीय होता है। अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। रानी लक्ष्मीबाई के विचारों से प्रेरणा लेकर हमें देश की सेवा करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अभाविप बालोद के जिला संयोजक मनीषा राणा, नगर अध्यक्ष प्रणव तिवारी, नगर मंत्री यशवंत कुमार टंडन, हिमांशु कुमार साहू, जयकिशन साहू, देवेन्द्र साहू चेतन सिन्हा, उपस्थित थे।




### मां बहादुर कलारिन कालेज गुरूर में शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर हेमचंद विश्वविद्यालय द्वारा 2024-25 के लिये प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन के माध्यम से 18 जून से प्रारंभ हो गई है।

जहां संचालित बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए विषय के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ की है।

## परसदा (ड) में मनाई मां गायत्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम परसदा (ड) गायत्री प्रज्ञा पीठ में सत्यवती एवं ललेश्वर मार्गदर्शन में सभी उपस्थित जनों एवं साधकों को मां गायत्री का जप एवं ध्यान करवाया गया तथा गायत्री यज्ञ कराया गया।

जहां मां गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा का उत्सव मनाया गया। सभी साधकों को मां गायत्री का मंत्र जप एवं ध्यान तथा यज्ञ की महिमा के बारे सविस्तार जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में भावना साहू, हेमलता, दुष्यंत कुमार, डोमेन्द साहू, गजेन्द साहू, मानसिह, प्रवीण, पियुष, नागेश्वर, गजाधर, लालचंद, बंशी, वीरकांत, रश्मि, वेदिका सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**फाइनल में डीएवी राजहरा को 3-0 से हराकर जीता खिताब**

# चिखली ने लगातार दूसरी बार जीती सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन विकासखण्ड डौण्डी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली के मैदान किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जेएस भारद्वाज के आदेशानुसार 19 जून को आयोजित प्रतियोगिता में विकासखंड से 5 टीमों ने हिस्सा लिया।

इनमें डीएवी राजहरा की दो टीमें, सेजस डौण्डी की दो तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली की एक टीम शामिल थी।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अहिल्याबाई रावटे सरपंच ग्राम पंचायत चिखली थी, अध्यक्षता विनिता सैनी ने की। विशेष अतिथि अनिल मिश्रा उपसरपंच चिखली उपस्थित थे। पहला सेमीफाइनल मैच 15वर्ष आयु वर्ग में सेजस डौण्डी विरूद्ध डी.ए.व्ही राजहरा के मध्य खेला गया। इसमें डीएवी राजहरा ने सेजस डौण्डी को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चूंकि चिखली की टीम विगत वर्ष ब्लाक व जिला विजेता थी, इसलिए उसका मुकाबला सीधे फायनल में डीएवी राजहरा के साथ हुआ। फायनल मैच में चिखली ने डीएवी राजहरा को अपने बेहतरीन खेल व फुटवर्क की बदौलत 3-0 से हराकर ब्लाक स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता जीत ली। इस मैच के पहले हाफ में 5वें मिनट पर यसित ने एक गोल कर टीम को 1-0से बढ़त दिलाई। खेल के 15वें मिनट में गीतेश ने टीम के लिए दूसरा गोल दागा। वहीं, मध्यांतर के बाद पुष्कर ने अपने टीम के लिए तीसरा गोल मार दिया। उसके बाद डीएवी राजहरा ने गोल करने का प्रयास किया गया, परन्तु सफलता नहीं मिली। इस तरह इस वर्ष भी ब्लाक सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता चिखली ने जीत ली।





#### बालक 17 वर्ष में डीएवी राजहरा और बालिका 17 वर्ष में सेजस डौंडी विजेता

सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता के बालक 17वर्ष आयु वर्ग में डीएवी राजहरा व बालिका 17वर्ष में सेजस डौण्डी के अलावा कोई भी टीम नहीं आने के कारण अपने वर्ग में वह विजेता रहे। इस प्रतियोगिता के आयोजन में ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच, उपसरपंच, पंच, संस्था के दिलीप, उमेश, लालेश्वर, प्राची, खुशी, प्रेरणा, दिव्या, जगप्रीत संधु, नीलेश गौर, श्रवण साहू, संतु यादव, मनीष, डीएवी से पूर्णिमा मण्डल एवं अन्य शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## शिक्षक पीताम्बर ने 7वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** ग्राम अखराभाठा, मुजगहन निवासी शिक्षक पिताम्बर श्रवण ने 7वीं बार रक्तदान किया। पिताम्बर श्रवण शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दर्रा दियाबाती में शिक्षक हैं। उन्होंने विश्व रक्तदान दिवस पर अपने विकास खंड के ग्राम सोनाईडोंगरी निवासी स्वास्थ्य मितानिन प्रेरक के भतीजे जो कि एनेमिया, जॉन्डिस पीड़ित हैं, के लिए रक्तदान किया। पिताम्बर श्रवण ने उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए आम जन को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।



Online Booking : www.tripuryatra.com

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।

स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 19 सितंबर 2024 तक (07 दिन)



स्लीपर मात्र 8,500/-

रायपुर (15.00), बिलासपुर (17.30), चाम्पा (18.30), रायगढ़ (19.40) से होकर

सबसे कम राशि पर

# गंगा सागर यात्रा

सारे तीरथ बार-बार, गंगा सागर एक बार

## गंगा सागर, श्री जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : स्लीपर 13,500/-, 3एसी -21,500/-, 2 एसी -26,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 16,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

रिजर्वेशन कोच (15 दिन)

05 सितंबर से 19 सितंबर 2024
09 सितंबर से 23 सितंबर 2024
18 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024
23 सितंबर से 06 अक्टूबर 2024
05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024

## श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगी नारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)

चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए स्वयं के हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाशते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411

नोट : 11 टिकिट बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री (ऑफर केवल 30 जून तक)

यात्रा पंजीयन खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-34,500/- ऑफर : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)

25 जुलाई से 03 अगस्त 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)

24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,100/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

अयोध्या (राम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी,

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)

25 जुलाई से 06 अगस्त 2024
22 अगस्त से 03 सितंबर 2024
12 सितंबर से 24 सितंबर 2024
19 सितंबर से 01 अक्टूबर 2024
02 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2024
16 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
07 नवंबर से 19 नवंबर 2024
28 नवंबर से 10 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024

राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूर से से 20 अक्टूबर 2024 तक (07 दिन)

सबसे कम राशि पर

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

रायपुर (8.00), उसलापुर (10.30), शहडोल (14.40) से होकर



स्लीपर मात्र 8,500/-

## श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (महाकालेश्वर)

स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है, खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे।

राशि : 12,500/- रू., 3एसी-20,500/-, 2एसी-25,500/-

ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

सुविधायें : यात्रा के दौरान - 1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन के अंदर राशि के निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन के अंदर 50 प्रतिशत, 7 दिन के अंदर 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन के अंदर राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योय नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. अंतिम यात्रा दिनांक से पहले आप बुकिंग करवा लें। ट्रेनों में आजकल दो महीना पहले ही वेटिंग लग जाती है। 6. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 7. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

ऑफिस समय
सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक

अपने शहर/ गांव/ नगर में फ्रेंचाईजी के लिए संपर्क करें- 7035-411411

नोट : कृपया *www.tripuryatra.com* से यात्रा टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

shree tripur tirth yatra

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ) (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता), श्रीमती अंजू गभेल (उपाध्यक्ष)

समिति की उपलब्धियां -

- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

OFFICE ADDRESS
RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road, DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com